**जो मानव अपने अवगुण और दूसरों के गुण देखता है, वही महान व्यक्ति बन सकता है - सुकरात**

## अद्भुत खेल फुटबॉल

महीने तक चलने वाला दुनिया का सबसे लोकप्रिय और अद्भुत खेल फुटबॉल विश्व कप समाप्त हो गया। ठीक बीस साल बाद सितारों से सजी फ्रांस की टीम ने नई-नवेली क्रोएशिया की टीम को फाइनल मुकाबले में 4-2 के अंतर से मात दी और खिताब पर कब्जा जमाया। साथ ही 260 करोड़ रुपये भी प्राप्त किए। फाइनल मुकाबला उम्मीद के अनुरूप ही खेला गया, जहां दोनों टीमों ने तेज रणनीति, पॉसिंग और खेल भावना का मुजाहिरा किया। लेकिन खेल प्रेमियों के दिल को अपना बनाया पहली बार विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में उतरी महज 42 लाख की आबादी वाला देश क्रोएशिया। न केवल उसने फ्रांस जैसी बेहद मजबूत और प्रोफ शनल टीम को कड़ी टक्कर दी, वरन एक समय तो वह एक गोल से आगे भी रही। दूसरे हाफ में भी उसने फ्रांस को अपने आक्रामक खेल से रक्षात्मक मुद्रा में ला दिया। हालांकि इस विश्व कप में पहली बार इस्तेमाल में लाए गए वीडियो अस्सिटेंट रेफरी (ज्त्र्रङ) के जरिये फ्रांस को मिले पेनाल्टी शूट ने खेल का पासा ही पलट दिया। और संभवत: मैच का टर्निंग प्वाइंट भी था। क्रोएशिया के खिलाड़ियों ने रेफरी के इस फैसले पर नाराजगी भी जताई मगर स्कोर बोर्ड पर फ्रांस की ही बढ़त अंतिम समय तक रही। खेल से इतर आयोजन की बात करें तो रूस ने विपरीत हालात और इंग्लैंड समेत यूरोपियन यूनियन के नेताओं के बहिष्कार के दबाव से पार पाते हुए बेहद सफल आयोजन कर बाकी देशों के लिए नजीर पेश की। इसके बाद फुटबॉल का महाकुंभ पहली बार अरब देश में होगा। कतर में 2022 में 32 नहीं बल्कि 48 टीमें खिताब के लिए जोर-आजमाइश करेंगी। हालांकि भारत को अभी विश्व कप फुटबॉल में शिरकत करने के लिए काफी मेहनत और धन खर्च करने होंगे। विश्व मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए भारत को अपनी स्वर्णिम अतीत को दोहराना होगा। 60 के दशक तक एशियाई और ओलंपिक में फुटबॉल में भारत की दमदारी थी, मगर समय अंतराल में चमक धूमिल पड़ती गई। हो सके तो सरकार इस ओर नजरे इनायत करे। फीफा के जूनियर संस्करण फीफा अंडर-17 का पिछले साल सफल आयोजन कर भारत ने भी वृहत आयोजन के लिए अपनी दावेदारी को मजबूती दी है। नि:संदेह इस अभूतपूर्व आयोजन ने कई प्रतिभावान खिलाड़ी और कोच से खेल प्रेमियों का साक्षात्कार कराया है। उनके अनुभवों का लाभ निश्चित तौर पर सबको मिले।

## विश्व में छठी बड़ी अर्थव्यवस्था

कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के आंसू और शब्दों से प्रकट होती मजबूरियां भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी विरोधी राजनीतिक एकता पर गहरे प्रश्न खड़ा करती है। विपक्ष ने कर्नाटक में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए कांग्रेस व जद-एस के बीच गठबंधन सरकार बनने पर बेंगलुरू में जो एकत्रीकरण किया, उससे निश्चय ही भविष्य में एकता के विस्तार की उम्मीद बंधी थी। किंतु कुमारस्वामी जिस तरह दो महीने के अंदर कई बार असंतोष प्रकट कर चुके हैं, उनसे लगता है कि तत्काल भाजपा के विरुद्ध दो विरोधी पार्टियां का सत्ता के लिए हाथ मिलाना भले आसान हो, पर उसे संभालकर चला पाना उतना ही मुश्किल। कुमारस्वामी कहते हैं कि मैं शिव की तरह विषपान कर रहा हूं। अपने अभिनंदन के लिए आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कई ऐसी बातें कहीं, जिनका तात्कालिक निष्कर्ष यही है कि वे किसी समय कुर्सी छोड़ सकते हैं। जाहिर है, उनका इशारा गठबंधन पार्टी कांग्रेस का दबाव और अधिकारियों द्वारा सहयोग न करने की ओर था। कुमारस्वामी ने अपने बजट में किसानों के दो लाख रुपये तक के कर्ज माफकिए, जिससे सरकार पर 34 हजार करोड़ रुपया का बोझ बढ़ा है। उस राशि को पूरा करने में अधिकारी रोड़ा अटका रहे हैं। जाहिर है, कांग्रेस सरकार से अवश्य चली गई पर उसने कुमारस्वामी को अपने अनुरूप अधिकारियों की नियुक्ति नहीं करने दी। किसानों की कर्ज माफी के लिए धन की पूर्ति के लिए उन्होंने पेट्रोल और डीजल पर जो कर बढ़ाए, कांग्रेस उसका भी विरोध कर रही है। ''अन्न भाग्य योजना' में अभी तक पांच किलो चावल ही मिलता था। कांग्रेस उसे सात किलो करने की मांग कर रही है। कुमारस्वामी कहते हैं कि इसके लिए 2500 करोड़ रुपया मैं कहां से लाऊं? बिल्कुल साफ है कि कांग्रेस ने मजबूरी में कुमारस्वामी को सरकार का नेतृत्व तो थमा दिया, दिल से उनके नेता इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने विधायकों से कहा कि 2019 लोक सभा चुनाव तक तो सरकार चलाना पड़ेगा। यानी कर्नाटक कांग्रेस कुमारस्वामी को पांच वर्ष तक नेतृत्व देने के लिए तैयार नहीं है। कुमारस्वामी और प्रदेश कांग्रेस नेताओं के वक्तव्य भाजपा के लिए बिन मांगे मुद्दा जैसा है। वे अब जनता के सामने यह कह सकेंगे कि देखिए, हमारे विरुद्ध एक होने वालों की दशा।

### सत्संग

## सुंदर मुखौटे

खूब राजनीति चलती रही है, चलती है, और लगता है आदमी को देखते हुए कि चलती ही रहेगी। और जब धर्म के नाम पर राजनीति चलती है तो बड़ी सुविधा हो जाती है राजनीति को चलने में; क्योंकि हत्यारे सुंदर मुखौटे लगा लेते हैं। तीन हजार साल के इतिहास में आदमी ने पांच हजार युद्ध लड़े हैं। और कितने-कितने अच्छे नामों पर युद्ध लड़े गए-इस्लाम खतरे में है, कि ईसाइयत खतरे में है, कि मातृभूमि खतरे में है, कि कम्यूनिज्म खतरे में है, कि लोकतंत्र खतरे में है; खतरे ही खतरे हैं सबको! शांति के लिए युद्ध लड़े गए हैं, और मजा! हम कहते हैं, युद्ध लड़ेंगे तो शांति हो जाएगी। लेकिन यह गणित जारी रहा। एक मसला हल होता है, हम तत्क्षण दूसरा मसला खड़ा कर लेते हैं! हिन्दुस्तान-पाकिस्तान बंटा तो सोचा कि चलो, अब हिन्दू-मुस्लिम के दंगे न होंगे। उनका देश हो गया मुसलमानों का अलग, हिंदुस्तान हो गया अलग। हिन्दू-मुस्लिम दंगे थोड़े क्षीण भी पड़े, लेकिन नये दंगे शुरू हो गए। हिन्दुस्तान में भाषाओं के नाम पर दंगे शुरू हो गए; प्रदेशों के नाम पर दंगे शुरू हो गए। गुजराती और मराठी लड़ेंगे कि बंबई किसका हो! ये तो दोनों ही हिन्दू थे। ये तो एक ही धर्म को मानते थे, एक ही राम को, एक ही कृष्ण को। लेकिन गुजराती और मराठी में झगड़ा हो जाएगा कि बंबई किसका हो? छोटी-मोटी सीमाओं पर, कि नर्मदा का जल किस प्रांत को कितना मिले, इस पर झगड़े हो जाएंगे। एक तहसील इस प्रदेश में रहे कि उस प्रदेश में, कि एक जिला इस प्रदेश में रहे कि उस प्रदेश में पर छुरेबाजी हो जाएगी! कि हिन्दी हो राष्ट्र की भाषा, कि कोई और भाषा हो राष्ट्र की भाषा, बस छुरे चल जाएंगे! अब हिन्दू तो बचे नहीं; हिन्दू तो उन्होंने साफही कर दिए। काटने की वृत्ति तो बची, हिन्दू न बचे! अब काटने की वृत्ति क्या करेगी? पशु तो बचा, पुराना बहाना हाथ से चला गया! तो पाकिस्तान आपस में लड़ गया। तो पंजाबी मुसलमान ने बंगाली मुसलमान को इस तरह मारा, जिस तरह न तो कभी हिन्दुओं ने मुसलमानों को मारा था, न मुसलमानों ने हिंदुओं को। फिर तुम यह भी मत सोचना कि इससे कुछ हल होता है। पाकिस्तान बंट गया, दो हिस्से हो गए।

# सोशल मीडिया

**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी निविदा पत्र के अनुसार सरकार इसके माध्यम से प्राप्त सूचना का इस्तेमाल सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में लोगों में सकारात्मक विचारों को बढ़ावा देने एवं नकारात्मक भावनाओं को दूर करने के लिए करेगी। निविदा पत्र बताता है कि उपकरण ट्वीटर, यूटयूब, इंस्टाग्राम, वाट्सऐप, फेसबुक और ब्लॉग्स जैसे डिजिटल मंचों की निगरानी करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, उसे ई-मेल की निगरानी करने में भी सक्षम होना जरूरी बताया गया है। इस उपकरण का इस्तेमाल सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा स्थापित होने वाला सोशल मीडिया कम्युनिकेशन हब करेगा।**

सतीश पेडणोकर

शल मीडिया की आजादी मोदी सरकार को अब रास नहीं आ रही। इसीलिए उस पर लगाम लगाने में जुटी है। यह अलग बात है कि 2014 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत में सोशल मीडिया की एक बड़ी भूमिका थी। वैसे आज भी एक पार्टी के रूप में सोशल मीडिया का सबसे ज्यादा उपयोग भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही करते हैं। लगता है कि सोशल मीडिया की शक्ति का अब उन्हें असली एहसास हुआ है। यही कारण है कि केंद्र सरकार एक सोशल मीडिया विश्लेषणात्मक उपकरण तैनात करना चाहती है, जो नागरिकों की डिजिटल प्रोफाइल बनाएगा ताकि सरकारी नीतियों के बारे में नागरिकों की राय/प्रतिक्रिया भांपी जा सके। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी निविदा पत्र के अनुसार सरकार इसके माध्यम से प्राप्त सूचना का इस्तेमाल सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में लोगों में सकारात्मक विचारों को बढ़ावा देने एवं नकारात्मक भावनाओं को दूर करने के लिए करेगी। निविदा पत्र बताता है कि उपकरण ट्वीटर, यूटयूब, इंस्टाग्राम, वाट्सऐप, फेसबुक और ब्लॉग्स जैसे डिजिटल मंचों की निगरानी करने में सक्षम होना चाहिए।

इसके अलावा, उसे ई-मेल की निगरानी करने में भी सक्षम होना जरूरी बताया गया है। इस उपकरण का इस्तेमाल सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा स्थापित होने वाला सोशल मीडिया कम्युनिकेशन हब करेगा। चूंकि भारत में फिलहाल डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के का कोई कानून नहीं है, या डाटा इस्तेमाल करने से पहले लोगों की राय जानने की प्रक्रिया परिभाषित नहीं है, इसलिए निजता को लेकर शंका उठना स्वाभाविक था। कहे बिना भी स्पष्ट है कि इसी शंका ने महुआ मोइत्रा सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करने को प्रेरित हुए। अब सरकार भले ही दलील दे कि उसका उद्देश्य राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना और सोशल मीडिया से उत्पन्न गड़बड़ियां रोकना है, लेकिन यह समझना किसी के लिए भी कठिन नहीं है कि इसके पीछे सरकार की वास्तविक मंशा क्या है?

इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी महत्त्वपूर्ण है कि सोशल मीडिया की वैयक्तिक निगरानी देश को एक निगरानी राज्य में तब्दील कर देगी। यदि कहा जाए कि इस टिप्पणी के जरिए सर्वोच्च न्यायालय ने आम लोगों की धारणा को ही संपुष्ट किया है, तो शायद गलत न होगा। अकारण नहीं कि उसने सरकार को अपनी बात रखने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है, ताकि 20 अगस्त से पहले सुनवाई हो सके। कोर्ट ने सरकार के उत्साह को कम तो जरूर किया है, लेकिन कोई यह न समझे कि वह सोशल मीडिया की निगरानी से जल्दी पीछे हट जाएगी। सरकार का कहना है कि उसकी मंशा लोगों की भावनाओं और प्रतिक्रियाओं की निगरानी करना नहीं है, लेकिन क्या सचमुच? यह निगरानी नहीं है, तो निगरानी क्या होती है। किसी का व्यक्तिगत संदेश पढ़ना निगरानी नहीं तो क्या है? यदि सोशल मीडिया के उपयोगकर्ता को मालूम हो कि सरकार उसके संदेश की निगरानी कर रही है, तो उसे डराने के लिए यह पर्याप्त है। वास्तव में यह उसके संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का हनन है। वैसे, सच भी यही है कि सरकार लोगों को डराकर रखना चाहती है, ताकि वे उसकी नीतियों और कमियों की आलोचना करने से बचें। सरकार की नीतियों और कायरे की आलोचना करना नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है, जिसे मोदी सरकार छीन लेने पर आमादा है। मोदी सरकार का यह उपक्रम सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ है, जिसमें उसने निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार करार दिया था। सरकार कहती है कि उसका यह उपक्रम निजता के अधिकार का हनन नहीं है, क्योंकि उनका संदेश तो पहले ही सार्वजनिक रहता है। सरकार का तर्क वास्तव में कुतर्क है, क्योंकि कोई उपयोगकर्ता अपना संदेश ऑनलाइन सार्वजनिक करता भी है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि उस सूचना पर निजता का उसका अधिकार खत्म हो जाता है, भले ही वह सूचना किसी खास उद्देश्य से साझा की गई हो। सचमुच विचित्र लगता है कि मंत्रालय ने ईमेल की निगरानी के लिए उपकरण मांगा है, क्योंकि कानूनी रूप से फिलहाल ई-मेल की निगरानी की अनुमति केवल सुरक्षा और अपराध की जांच-पड़ताल के लिए ही है। वह भी गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद।



अजीब तो यह भी है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अभी तक यह भी नहीं बताया है कि निगरानी से प्राप्त सूचनाओं का इस्तेमाल कैसे करेगा। दरअसल, सरकार की मंशा न तो राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना है, और न अपने कायरे व नीतियों के संबंध में सही जानकारी देना। जैसा कि वह कह रही है। उसका एकमात्र उद्देश्य है सरकार की आलोचना करने वालों का मुंह बंद करना, उन्हें भयभीत करना और अगले चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करना। इस बात से शायद ही किसी को इनकार हो कि सरकार नकारात्मक प्रचार करने वालों की पहचान कर उन्हें प्रताड़ित करेगी। कई जगहों पर ऐसा हो भी चुका है, जब किसी मंत्री/मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री की आलोचना करने पर अनेक लोगों के खिलाफ केस दर्ज किए गए। उन्हें अनेक प्रकार से प्रताड़ित किया गया। अभी तो सरकार के पास ऐसा उपकरण नहीं है, तब तो लोगों को इतना भयभीत किया जा रहा है। जब कानूनी रूप से निगरानी मान्य हो जाएगी तो समझना कठिन नहीं कि क्या होगा। सरकार अपने मकसद में कामयाब हो जाती है, तो फिर सोशल मीडिया का कोई अर्थ ही नहीं रह जाएगा। निजता का अधिकार महज मजाक बनकर रह जाएगा। भारत लोकतांत्रिक देश है। नागरिकों को संविधान ने निजता का अधिकार दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे मौलिक अधिकार का दरजा दिया है। लेकिन मोदी सरकार को न तो लोकतंत्र का कोई खयाल है, और न संविधान का। वह यह सारी कवायद आम चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए कर रही है। अपनी धूमिल होती छवि को और धूमिल होने देना नहीं चाहती। अब तो वह अखबारों की हेडलाइंस भी तय करेगी ताकि उसकी छवि नकारात्मक न हो। बहरहाल, सोशल मीडिया को लगाम लगाने की उसकी कोशिश सफल नहीं होगी क्योंकि भारतवासी अपनी आजादी पर प्रतिबंध स्वीकार नहीं करेंगे। अपने लोकतांत्रिक अधिकार किसी भी सरकार के पास गिरवी नहीं रख सकते क्योंकि एक तरह से यह देश को ही गिरवी रखने जैसा होगा।

### चलते चलते

## छुआछूत और अस्पृश्यता

आजाद भारत में छुआछूत खत्म करने में बेहद खामोशी के साथ अपनी भूमिका निभाई। मगर आज भी छुआछूत और अस्पृश्यता अच्छी-खासी आबादी की मानसिकता में जस-का-तस पैठे है, जो कभी किसी घटना के बहाने समाज को विमर्श की मुद्रा में ला देता है। हिन्दू धर्म की वर्ण व्यवस्था, विशेषकर कर्मकांडी तबके में ऊंच-नीच का भेद बहुत खास कम नहीं हुआ है। श्रेष्ठ होने की पुरातन ग्रंथि आज भी विद्यमान है। कर्मकाण्ड से जुड़े एक ऐसे ही मामले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला दिया है। अपने आदेश में न्यायालय ने पुजारी बनने के लिए किसी जाति विशेष से होने के अलिखित आरक्षण को खारिज कर दिया। दरअसल, न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका में हरिद्वार में पुजारियों

**हिन्दू धर्म की वर्ण व्यवस्था, विशेषकर कर्मकांडी तबके में ऊंच-नीच का भेद बहुत खास कम नहीं हुआ है। श्रेष्ठ होने की पुरातन ग्रंथि आज भी विद्यमान है। कर्मकाण्ड से जुड़े एक ऐसे ही मामले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला दिया है।**

द्वारा निम्न जाति के लोगों से भेदभाव की शिकायत की गई थी। याचिका में यह भी कहा गया था कि पुजारी निम्न जाति के लोगों से पूजा कराना तो दूर उनसे दान-दक्षिणा तक नहीं लेते। सर्वविदित है कि निम्न जाति के लोगों को आज भी देश के कई धार्मिक स्थलों (जिसमें पूरी का जगन्नाथ मंदिर भी है) पर भेदभाव का दंश झेलना पड़ता है। जाहिर है, इस प्रकार के चलन वर्ण व्यवस्था, श्रेष्ठ होने के भाव की हिन्दू धर्म में यथास्थिति की पुष्टि करते हैं। ऐसा नहीं है कि एक वर्ग विशेष की पुरोहिती/मठाधीशी तोड़ने के प्रयास नहीं हुए। पटना के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में दो दशक पहले एक दलित पुजारी की नियुक्ति को उदाहरण के तौर पर लिया जाता है। यह संभव हुआ था पूर्व आईपीएस अधिकारी और मंदिर के न्यासी किशोर कुणाल की पहल पर। गीता में कर्म को धर्म कहा गया है, इसलिए समाज को भी सिर्फजाति विशेष के लोगों को कर्मकांड में प्राथमिकता देने की जगह पुरोहिती के प्रशिक्षण और वेद-शास्त्रों का अच्छी समझ रखने वालों को तरजीह देना चाहिए। जाति के आधार पर फर्क करने वाले पुरोहितों/पुजारियों को अधिकृत धार्मिक संस्थाओं/न्यासों द्वारा सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। कानून तो अपना काम करने के लिए है ही। वैसे वर्तमान ''राष्ट्रवादी सरकार' का नेतृत्व कर रही भाजपा-एक मंदिर, एक कुंआ और एक श्मशान-के माध्यम से सामाजिक समरसता स्थापित करने की बात करती है। मगर फिलहाल यह पहल अधूरी जान पड़ती है।

### फोटोग्राफी...




*परेड...अफ्रीकी देश लेसोथो के एफ्रिस्की की मालुती पहाड़ियों में बने एक स्की रिजॉर्ट में टॉर्च लाइट परेड से पहले आग लगाकर परफॉर्मर ने परफॉर्मेंस दी।*

## दुनिया भर को भावनात्मक स्तर

ईलैंड की थाम लुआंग गुफा में फंसे कनिष्ठ 12 फुटबॉल खिलाड़ियों और उनके कोच को सकुशल बचाया जाना मानवता का ऐसा चरित्र है, जो मानवीय संकट के समय दुनिया भर को भावनात्मक स्तर पर एक मानसिक अवस्था में खड़ा कर देता है। चीन, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, थाईलैंड आदि के उन गोताखारों का अभिनंदन करने से कौन चूक सकता है, जिन्होंने जान पर खेल कर इनको सुरक्षित निकाला। वीडियो में पानी भरी जो गुफा दिख रही थी, भयभीत करने वाली था। नुकीले, संकरे स्थानों को देख कर शुरू में तो लगा कि शायद इनको पानी हटने तक निकालना संभव न हो। पानी निकालने में कुछ महीनों का समय लग सकता था। जाहिर है, तीन दिनों के ऑपरेशन में उन सबको सुरक्षित निकाल लाना संकल्प और साहस की विजय है। किंतु एक महत्त्वपूर्ण पहलू जिस पर अब विचार हो रहा है, वह यह कि आखिर, विकट परिस्थितियों में इन बच्चों में वह क्षमता कहां से आई जिससे 17 दिनों तक हौसला बनाए रख सके? बच्चों ने बताया है कि ऐसे कठिन समय में उनके कोच ने उनकी हिम्मत नहीं टूटने दी। ध्यान दें, कोच इकापोल चंथावोंग 25 वर्ष के हैं यानी उन्हें ज्यादा अनुभवी नहीं माना जा सकता। अब जो खबर आई है, उसके अनुसार इकाबोल कोच बनने से पहले बौद्ध भिक्षु थे। उनकी जीवनी अब छप चुकी है। उनने केवल 10 वर्ष की अवस्था में माता-पिता को खो दिया था। दादी ही उनके लिए सब कुछ थीं। कष्ट सहने का अभ्यास उन्हें बचपन से ही हो गया था। धीरे-धीरे उनका रुझान अध्यात्म की ओर हुआ। वह बौद्ध धर्म की शिक्षा लेने लगे। महात्मा बुद्ध की शिक्षा में करुणा का प्रमुख स्थान है। वह दादी की सेवा करने लगे। जीवन जीने के लिए कुछ करना था। फुटबॉल में उनकी रुचि थी। यही क्षेत्र चुना। कोच बन गए। महात्मा बुद्ध ने एक साधक को जीवन के दुखों से मुक्ति के लिए अष्टांग मार्ग दिया है। ये अष्टांग मार्ग हैं, सम्यक विचार, सम्यक विास, सम्यक शब्द, सम्यक आचरण, सम्यक जीवन, सम्यक प्रयास, सम्यक स्मृति और सम्यक ध्यान। ये आठों कहने के लिए अलग-अलग हैं, लेकिन हैं एक दूसरे से जुड़े हुए। इसकी विवेचना करेंगे या किसी बौद्ध साधक से समझेंगे तो इसका दार्शनिक और व्यावहारिक पक्ष एकदम स्पष्ट हो जाएगा। इस मार्ग के प्रथम दो अंग प्रज्ञा और अंतिम दो समाधि के हैं। बीच के चार शील के हैं। इस तरह शील, समाधि और प्रज्ञा इन्हीं तीन में आठों अंगों का सन्निवेश हो जाता है। इतना बताना पर्याप्त है कि शुद्ध शील के आधार पर साधक ध्यानाभ्यास कर समाधि का लाभ करता है, और समाधिस्थ अवस्था में ही उसे सत्य का साक्षात्कार होता है। इसे प्रज्ञा कहते हैं, जहां पहुंचते ही साधक को सत्ता मात्र के अनित्य, अनाम और दुखस्वरूप का साक्षात्कार हो जाता है। इससे संसार की सारी तृष्णाएं चली जाती हैं। वह अहंकार और ममकार के बंधन से तो ऊपर उठ ही जाता है, सुख-दुख के बंधन से भी परे हो जाता है। इस अवस्था में जो पहुंच गया हो या पहुंचने की साधना भी की हो उसके लिए विकट से विकट परिस्थितियां भी भय या घबराहट पैदा नहीं कर सकतीं। आत्मबल उसे सक्षम बनाता है। यथासंभव जीवन का मर्म समझाने और भय से मुक्त करने की कोशिश की और उनको ध्यान की अवस्था में बार-बार ले जाने का अभ्यास कराते रहे। यही नहीं उनने उसी अवस्था में निद्रा लाने तथा कम सोकर भी तरोताजा बने रहने के अभ्यास भी कराए। यह सब कोई सामान्य व्यक्ति नहीं कर सकता था। कोच इकापोल की भूमिका ने साबित किया है कि विकट परिस्थितियों में जब अपने हाथ में कुछ न दिख रहा हो तो संयमित जीवन और आत्म साक्षात्कार की साधना का अभ्यास सबसे बड़ी शक्ति बनकर खड़ा हो सकता है।

क्रांति समय

हजारों लोगों का स्थानानांतर : २०० गांवों में अंधेरा

# सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात में बारिश का कहर

अहमदाबाद । गुजरात राज्य में सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात के क्षेत्रों में मंगलवार को भी बारिश लगातार हो रही थी, जिसकी वजह से सौराष्ट्र में गीरसोमनाथ, जूनागढ़, उना, कोडिनार, राजकोट, वेरावल, महुवा, तलाजा सहित के क्षेत्रों में भारी बारिश दर्ज की गई है । राज्य में सबसे ज्यादा बारिश गीरसोमनाथ जिले में २४ घंटे में २० इंच से ज्यादा, उना में भी २० इंच से ज्यादा जबकि कोडिनार और माणावदर में १३ इंच और ११ इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है । सौराष्ट्र और दक्षिण गुज रात में पिछले एक सप्ताह से बारिश के कहर की वजह से सभी जगहों पर ज लबंबाकार और टापू की परिस्थिति पैदा हो गई है । हजारों लोगों का स्थानानांतर कराया गया है तो सैकड़ों लोगों को एनडीआरएफ सहित की बचाव टीमों ने बचाया । राज्य के २०० गांवों में बारिश की वजह से बिजली की आपूर्ति ठप हो गई है और यह गांवों में अंधेरा छा गया है । पीजीवीसीएल के १२८ से ज्यादा



फीडर बंद किए जाने पर भारी परेशानी खड़ी हो गई है । सौराष्ट्र और दक्षिण गुज रात में भारी बारिश की वजह से नदी-नाला और कई बांध में नये पानी की आय हुई है और इसमें कई लबालब राज कोट जेतपुर के भादर-१ बांध, भादर-२ बांध, अमरेली में कुकावाव का सोनल बांध, जामनगर के निकोवा का ऊंड-४, जूनागढ़ के कोसावा का साबरी बांध सहित के बांध के दरवाजे खोलना अनिवार्य हो गया कई नदियों में बाढ़ आने पर सभी जगहों पर जलबंबाकार की परिस्थिति पैदा हो गई है । गीर-सोमनाथ, उना, राजकोट, अमरेली, ज ूनागढ़, जामनगर सहित के क्षेत्रों की कई नदियों में बाढ़ आने पर आसपास के गांवों और क्षेत्रों से असरग्रस्त लोगों को सुरक्षित स्थल पर स्थानानांतर कराना अनिवार्य हो गया । गीर सोमनाथ के वांसोद गांव में छाती तक पानी भर गया था और पूरा गांव पानी में डूब गया । गांव में गर्भवती महिला को बचा लिया गया था । राजकोट में भूपगढ गांव से बारिश के पानी में डूबे हुए युवक का शव १८ घंटे के बाद एनडीआरएफ की टीम को मिलने पर पूरे क्षेत्र में भारी सनसनी मच गई थी । राज्य में पिछले पांच दिन से सभी जगहों पर बारिश का माहौल बना हुआ है । पिछले २४ घंटे में सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात में भारी बारिश हुई है । जिसमें राज्य के ११५ तहसीलों में उल्लेखनीय बारिश हुई है । इसके साथ राज्य की चालू मौसम की कुल औसत बारिश ४०.७३ फीसदी दर्ज की गई है । जिसमें सबसे ज्यादा दक्षिण गुजरात रीजियन में ५७.२७ फीसदी जितनी औसत बारिश हुई है । राज्य के स्टेट इमरजन्सी ऑपरेशन सेन्टर द्वारा मिले रिपोर्ट के अनुसार तारीख १७.०७.२०१८ को सुबह में ७ बजे तक राज्य के २४ तहसीलों में चार इंच से २० इंच जितनी बारिश हुई है । गीर-सोमनाथ जिला के गीरगढडा में ४९६ मीमी. यानी कि २० इंच, उना तहसील में ३५० मीमी. यानी कि १४ इंच और कोडीनार तहसील में

# करोड़ों का सुख त्याग वैराग्य को अपना डॉ. हिना ने





**सूरत।** चकाचौध जिन्दगी को तगकर डॉ. हिनाकुमारी हिंगड़ ने वैराग्य का मार्ग चुना तो उसे आशिर्वाद देने के लिए सैकड़ों हाथ एकसाथ उठ खड़े हुए। मुमुक्षू हिना की वार्षीदान शोभायात्रा शहर के वेसू क्षेत्र में मंगलवार को हर्षोउल्लास के साथ निकाली। उसने खुले हाथों से सांसारिक वस्तुओं का त्याग किया। देर शाम संयम वस्त्रों पर केसर रंग छिड़केन व सम्मान समारोह जैसे आयोजन हुए।

## मोबाइल चोरी करने वाले झारखंड की गैंग गिरफ्तार

अहमदाबाद । भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में मोबाइल फोन की चोरी करनेवाली झारखंड की गैंग का वटवा पुलिस ने पर्दाफाश किया और गैंग के तीन शख्स को १२.२४ लाख रुपये के ५१ मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया था । पुलिस ने आरोपियों की शुरू की गई पूछताछ में उन्होंने चौंकानेवाली कबूलात की है कि, रथ का त्यौहार है भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे आसानी से मोबाइल फोन चोरी हो सकता है यह विचार करके मोबाइल की चोरी की घटना को अंजाम दिया था । पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध जरूरी अपराध दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है ।



**सूरत।** सलाबतपुरा इलाके में स्थित सप्तश्रृंगी माता मंदिर में गुप्त नवरात्र के अवसर पर मंगलवार को कुमकुम पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में पुजन करती महिलाएं।



**सूरत।** शहर के कतारगांव इलाके में रक्षाबंधन का त्योहार नजदिक आते ही राखियां बनाता एक परिवार।

# मुख्यमंत्री ने हेलिकॉप्टर में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की मुलाकात

## मुख्यमंत्री ने सौराष्ट्र-दक्षिण गुजरात के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण करके अधिकारियों को जरूरी सूचना दी

अहमदाबाद । राज्य में सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात में बाढ़ की स्थिति पैदा होने के बाद मुख्यमंत्री विजय रुपाणी मंगलवार को एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की मुलाकात पर पहुंचे थे । हालांकि पहलीबार प्लेन की लेन्डिग नहीं होने पर उनको एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर की मदद लेनी पड़ी । एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर की मदद से वह बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों तक पहुंच सके । लेकिन यह मुलाकात के दौरान राजकोट के जेतपुर में मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के हेलिकॉप्टर का खराब मौसम के कारण इमरजन्सी लेन्डिग करना अनिवार्य



हो गया । बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में मुलाकात लेकर और वहां की परिस्थिति का निरीक्षण समीक्षा करने के बाद मुख्यमंत्री ने अन्य मंत्रियों को भी बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जाकर मदद करने के लिए सूचना दी गई । इसके साथ प्रशासन के अधिकारियों को प्रभावी और तुरंत राहत और बचाव कामकाज शुरू करने के लिए सूचना दी । मंगलवार को सुबह में मुख्यमंत्री विजय रुपाणी गीर सोमनाथ जि ले में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करने के लिए रवाना हुए थे, लेकिन भारी बारिश के कारण केशोद एयरपोर्ट पर वह लेन्डिग नहीं कर सके और गांधीनगर जाने के लिए रवाना हो गये । लेकिन इसके बाद वह एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर द्वारा अहमदाबाद एयरपोर्ट से रवाना हुए । इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ राज्य के मुख्य सचिव डॉ. जेएन सिंह मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव कैलासनाथन और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए । मुख्यमंत्री ने जिला के प्रशासनिक प्रशासन के साथ चर्चा करके बाढ़ की स्थिति तथा बचाव और राहत कार्य की समीक्षा की । राज्य के दक्षिण गुज रात और सौराष्ट्र में चार दिन से हो रही भारी बारिश के कारण वहां के क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है । सौराष्ट्र में विशेष तो गीर सोमनाथ जिले में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है जिसके कारण यहां बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है । सौराष्ट्र के गीर सोमनाथ, अमरेली तथा भावनगर में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है ।

# विद्युत सहायकों के फीक्स वेतन में आखिर में वृद्धि की

## २५०० रुपये से लेकर १०,४५० तक की वृद्धि की

अहमदाबाद । गुजरात विद्युत बोर्ड और इसके संलग्न कंपनियों में डयुटी करते सात हजार से ज्यादा विद्युत सहायकों के वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि राज्य सरकार द्वारा की गई है । राज्य सरकार के इस महत्व के निर्णय की वजह से ज ीयुवीएनएल और इसके संलग्न कंपनियों पर वार्षिक ३३ करोड़ रुपये का बोझ आयेगा । विद्युत सहायकों के फीक्स वेतन में मासिक २५०० रुपये से लेकर १०,४५० तक की वृद्धि की गई है । जिसे लेकर विद्युत सहायक कर्मचारियों में खुशी की लहर फैल गई है । इस मामले में राज्य के ऊर्जामंत्री सौरभभाई पटेल ने बताया है कि, राज्य में स्थित गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड और इसके संलग्न कंपनियों में कार्यरत सात हजार विद्युत सहायकों में जैसे कि, इलेक्ट्रिक आसिस्टन्ट, हेल्पर, जुनियर आसिस्टन्ट, प्लान्ट एटेन्डन्ट ग्रेड-१ और जुनियर इंजीनियर यह चार संवर्ग में फीक्स वेतन से काम कर रहे है । राज्य सरकार द्वारा विद्युत सहायक के वेतन में मासिक २५०० रुपये से लेकर १०,४५० तक की वृद्धि की गई है । सरकार के इस निर्णय की वजह से ज ीयुवीएनएल और इसके संलग्न कंपनियों पर वार्षिक ३३ करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा । दूसरी तरफ राज्य सरकार द्वारा विद्युत सहायकों के वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि करने की वजह से यह कर्मचारियों में खुशी की लहर फैल गई है । विद्युत सहायक कर्मचारी मंडल द्वारा सरकार के निर्णय का स्वागत करके इसका आभार व्यक्त किया गया ।

## अब सर्विस रोड पर अंधाधुंध पार्किग के विरूद्ध कार्रवाई

अहमदाबाद । अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के सत्ताधीशों द्वारा गत दिन रात को राजपथ क्लब के बाहर सर्विस रोड पर अवैध तरीके से और अंधाधुंध वाहनों को पार्क करने के मामले में शहर की प्रतिष्ठित राजपथ क्लब को सील किए जाने पर पूरे शहर में इसकी कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी । राजपथ क्लब के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के बाद अब अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन प्रशासन द्वारा ट्राफिक पुलिस की मदद से एसजी हाईवे के सर्विस रोड पर अंधाधुंध और अवैध वाहन पार्क करने के विरूद्ध अभियान को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा । गत दिन रात को म्युनिसिपल प्रशासन पुलिस विभाग के सहयोग लेकर रोड पर पार्किंग के मामले में राजपथ क्लब पर पहुंचा था । राजपथ क्लब को लगाया गया सील मंगलवार को सुबह में कायम रहा जिसकी वजह से यह सील क्लब के संचालकों के पास से आश्वासनपत्र लेकर खोल देने के मुद्दे पर अभी तक कोई समाधानकारी रवैया स्पष्ट नहीं हुआ है । दूसरी तरफ एसजी हाईवे के सर्विस रोड पर अंधाधुंध तरीके से पार्क किए जाते वाहनों के विरूद्ध म्युनिसिपल सत्ताधीशों का अभियान आगामी दिनों में और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा । जानकार सूत्र बताते है, एसजी हाईवे पर कारगील जंक्शन, पकवान चार रास्ता, इस्कोन तथा कर्णावती क्लब निकट के क्षेत्र में कुछ ही दिनों में सत्ताधीश पहुंचेंगे ।

महादेव मीडिया

रोहताश यादव 9924144499, 7015339195



वीजिटिंग कार्ड, बिल बुक, लेटर पैड, बेनर, पोस्टर, आदि का डिजाइन बनवाने के लिए संपर्क करें। (हिन्दी, गुजराती)

हिन्दी, गुजराती न्युज पेपर डिजाईन करवाने के लिए संपर्क करें।

304 केवल कॉम्पलेक्ष नवा गाम, डिंडोली, उधना सूरत।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ऑफसेट एफपी. 149, प्लोट 26 खोडियार नगर, सिद्धीविनायक मंदिर के पास, (भाटेना) हॉ.सो. अंजना सूरत, गुजरात से मुद्रित, एवं 191 महादेव नगर, हरि नगर-2 के पीछे, उधना, जिला-सूरत, गुजरात से प्रकाशित, **संपादक :- सुरेश मौर्या** फोन नं. (9879141480) **RNI.No. : GUJHIN/2018/75100**, E-mail: krantisamay@gmail.com